संक्षिप्त

नगर परिषद ने की अतिक्रमण पर प्रभावी कार्यवाही

कोटपुतली। नगर परिषद कोटपूतली द्वारा 15 दिवसीय सडक सुरक्षा अभियान के तहत गुरुवार को परिषद क्षेत्र के मुख्य मार्गो एवं फुटपाथों पर किये गये अवैध अतिक्रमण को अधिशाषी अभियंता, सहायक अग्निशमन अधिकारी, कनिष्ठ अभियंता, सफाई निरीक्षक एवं नगर परिषद के अन्य कार्मिको द्वारा मैन चौराहा से लालचन्द मोरीजावाला धर्मशाला होते हुए पूतली कट तक अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। एक्सईएन दीपक मीणा ने बताया कि मैन चौराहा से एलबीएस कॉलेज होते हुए पुतली कट तक के दुकानदारों और व्यापारियों से भविष्य में पुन: अतिक्रमण किये जाने पर जब्ती एवं शास्ति की कार्यवाही हेतु समझाईस की गई।

पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

राजगढ़ । पर्यावरण जागरूकता विषय पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महिला प्रकोष्ठ की सयोजिका रजनी मीणा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में निलाक्षी साहू प्रथम, तनीषा सैनी द्वितीय एवं कुमकुम हरिजन तृतीय स्थान पर रही। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, अभिव्यक्ति क्षमता का विकास एवं पर्यावरण जागरूकता रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर पीएम मीणा ने की। निर्णायक मंडल में अशोक काकोड़िया, गिरधारी लाल मीणा एवं प्रोफेसर आंचल मीना रहे। रचना जैन ने सभी का आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन रजनी मीणा ने किया।

आवेदन 28 तक

कोटपुतली। जिला स्तर पर आयोजित की जाने वाली कम्प्यूटर टंकण गति परीक्षा के लिए पात्र कार्मिक 28 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं। एडीएम ओमप्रकाश सहारण ने बताया कि 31 दिसंबर 2022 से पूर्व नियुक्त ऐसे मृतक आश्रित कर्मचारी, जिन्होंने अब तक टंकण गति परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की है, उन्हें कार्मिक विभाग द्वारा दो अतिरिक्त अवसर प्रदान किए गए हैं।उन्होंने बताया कि 31 दिसंबर 2022 के बाद नियुक्त वे कर्मचारी, जो जनवरी 2026 में प्रस्तावित टंकण गति परीक्षा के लिए अभी तक आवेदन नहीं कर पाए हैं, वे भी वेबसाइट से फार्म डाउनलोड कर सभी प्रविष्टियां पूर्ण करते हुए 28 नवंबर को शाम 5 बजे तक भेज दें।

अध्यक्ष मदन राठौड़ का स्वागत किया

दूदू । भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ का जयपुर अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामनगर पर संचालित एक निजी होटल में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया राठौर का पाली से जयपुर जाने के दौरान भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष आशीष चोपड़ा के नेतृत्व में स्वागत किया गया इस दौरान युवा मोर्चा जिला मंत्री गिरिराज अहलावत रामचरण अहलावत अशोक चौधरी विश्राम जजुंदा सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे राठौड़ ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वर्तमान में सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं अभियान एस ए आर में घर-घर जाकर मतदाताओं को जोड़ने का प्रयास करें।

आरोपी गिरफ्तार

दूदू । पुलिस थाना क्षेत्र के अधीन केरिया बुजुर्ग गांव में स्थित बालाजी मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया पुलिस थाना निरीक्षक मुकेश कुमार खराडिया ने बताया कि 16 नवंबर की रात्रि को अज्ञात चोरों द्वारा बालाजी मंदिर में चोरी के प्रयास की रिपोर्ट पुजारी नाथूलाल वैष्णव ने दर्ज कराई दर्ज रिपोर्ट के बाद पुलिस ने प्रयास कर आरोपी जितेंद्र कुमार उर्फ जीतू बेरवा निवासी रहलाणा को गिरफ्तार कर चोरी की वारदात करने के काम में लिए गए सरिया बरामद कर लिए पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

21 नवंबर को धरना प्रदर्शन

दूदू । नगर पालिका मुख्यालय पर स्थित एक निजी होटल में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवाजी राम खुरडिया ने प्रेस वार्ताकार सरकार द्वारा कुछ कांग्रेस सरपंचों के खिलाफ की जा रही कार्यवाही के विरोध में 21 नवंबर को दूदू में धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है खुरडिया ने बताया कि सरपंच संघ अध्यक्ष भंवरी देवी भाकर को पदमुक्त करने के मामले के साथ ही करीब 15 सरपंच जो कांग्रेसी विचारधारा के हैं के खिलाफ जान शुरू की जाकर प्रताड़ित किया जा रहा है ।

भरतपुर विकास प्राधिकारण टीम ने सात अवैध कॉलोनियों पर चलाया बुलडोजर

भरतपुर। भरतपुर विकास प्राधिकरण ने गुरुवार को 7 अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाया। भू-माफियाओं के द्वारा अवैध तरीके से कॉलोनियां काटी जा रही थी। कॉलोनियों के प्लॉट लोगों को बेचे जा रहे थे। जब बीडीए को इस बात का पता लगा तो, तुरंत टीम मौके पर पहुंची और, अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाया।

बीडीए के तहसीलदार मनीष कुमार मीणा ने बताया कि भरतपुर विकास प्राधिकरण के क्षेत्राधिकार में बहुत सारी अवैध कॉलोनियां बसाई जा रहीं हैं। इसके लिए हमने सार्वजनिक विज्ञप्ति जारी करते हुए नोटिस भी जारी किया था। 2 सप्ताह पहले भी अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई की गई थी।

फिर से अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई की है। लोग बीडीए की अनुमति लेकर बाउंड्री बनाए या प्लॉट काटें। कुछ डवलपर बिना बीडीए की अनुमति के प्लॉटिंग का काम कर रहे हैं। उन प्लॉट को लोगों को बेचा जा रहा है। इसलिए कोई भी प्लॉट ख़रीदे उससे पहले यह चेक करे की उसका बीडीए से अप्रूव है या नहीं है।

टीम मौके पर पहुंचकर अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाया।

- भू-माफियाओं के द्वारा अवैध तरीके से कॉलोनियां काटी जा रही थी। कॉलोनियों के प्लॉट लोगों को बेचे जा रहे थे, अवैध कॉलोनियां बसाई जा रहीं हैं

सभी डॉक्युमेंट्स देखकर ही जमीन खरीदनी चाहिए। ताकि आगे नुकसान न हो। आज घसोला गांव के पास 1, नगला सह गांव के पास 3, मड़ौली गांव के पास 2 और बरसो गांव के पास 1 अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई की गई है। यहां पर बीडीए की बिना अनुमति के डवलपर लोगों को जमीन बेच रहे थे।

शिविर आयोजित

शाहपुरा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला जयपुर अध्यक्ष अजीत कुमार हींगर एवं तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा अध्यक्ष ललिता शर्मा अपर जिला एवं सत्र सैशन न्यायाधीश प्रथम के निर्देशन में अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने न्याय आपके द्वार अभियान के अंतर्गत सरस्वती पी जी महिला महाविद्यालय में शिविर आयोजित किया।

इस शिविर की अध्यक्षता प्रिंसिपल राजेश्वरी भार्गव के द्वारा की गई। महिला उत्पीड़न समिति की अध्यक्ष उषा शर्मा भी उपस्थित थे। इस अवसर पर अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली की स्थापना 09 नवम्बर 1995 को हुई। इसे भारत के गरीब, पिछड़े कमजोर वर्ग, को मुफ्त कानूनी सहायता के लिए इसकी स्थापना की गई थी। 09 नवम्बर 2025 को 30 वर्ष होने पर इसके व्यापक प्रचार-प्रसार एवं समस्याओं, के समाधान के लिए न्याय आपके द्वार अभियान चलाया गया है। आम नागरिकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए फार्म भरवाने का कार्य "राष्ट्रीय लोक अदालत" की उपयोगिता को घर-घर पहुंचाया जावे।

सार-समाचार

जोधपुरिया मन्दिर के दानपात्रों में राशि की गणना 24 नवम्बर का

टोंक। देवस्थान विभाग अजमेर के सहायक आयुक्त ने सार्वजनिक प्रन्यास देवनारायण मंदिर ट्रस्ट जोधपुरिया में दैनिक कार्य को सुचारु रुप से सम्पादित करने के लिए उपखंड अधिकारी निवाई को प्रतिनिधि नियुक्त करने के निर्देश दिए थे। इसी के तहत उपखंड अधिकारी निवाई प्रीति मीना ने बताया कि मंदिर में होने वाले भण्डारे में यात्रियों का भोजन, पानी, विद्युत बिल एवं अन्य व्यवस्थाओं में होने वाले खर्च के भुगतान को सुचारु रुप से संपादित करने के लिए मंदिर के दान पात्रों से खर्च राशि जुटाई जानी है। इसी के तहत दान पात्रों को पूर्ण पारदर्शिता के साथ खुलवाया जाकर प्राप्त राशि को प्रन्यास के बैंक खाते में जमा किया जायेगा। एसडीएम ने बताया कि दानपात्र खुलवाने के लिए प्रशासनिक दल का गठन किया गया है। इसमें पंचायत समिति की विकास अधिकारी राजेश्वरी यादव को अध्यक्ष, नायब तहसीलदार निवाई रामकेश मीना व नायब तहसीलदार दतवास छीतर लाल मीना एवं सहायक कोषाधिकारी निवाई जयनारायण बैरवा को सदस्य नियुक्त किया गया है। गठित दल सोमवार, 24 नवम्बर को सार्वजनिक प्रन्यास देवनारायण मंदिर जोधपुरिया में उपस्थित होकर भेंट व दानपात्रों को खुलवाकर प्राप्त राशि की पूर्ण पारदर्शिता से गणना करवाकर प्रन्यास के बैंक खाते में जमा करवाना सुनिश्चित करेगें। इस पूरी प्रक्रिया कि विडियोग्राफी भी की जायेगीं।

वाहन की टक्कर से युवक की मौत

बौंली- बामनवास। क्षेत्र के जस्टाना गांव तिराहे पर सडक मार्ग पैदल पार करते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से स्थानीय निवासी 23 वर्षीय युवक लेखराज महावर की दर्दनाक मौत हो गई, सूचना पाकर बौंली थाना पुलिस मौके पर पहुंची एवं बौंली चिकित्सालय में लाकर मृतक का पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।परिजनों ने बताया कि युवक किसी काम को लेकर घर से बाहर गया हुआ था, इसी दौरान जस्टाना तिराहे पर सडक मार्ग पार करते समय किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, परिजन उसका घर पर इंतजार कर रहे थे इसी दौरान उसकी सड़क दुर्घटना की जानकारी मिली। अज्ञात वाहन चालक वाहन को लेकर मौके से फरार हो गया।पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

मोरा सागर बांध की नहरों में पानी खोला

बौंली- बामनवास। क्षेत्र के मोरा सागर बांध की मोरी को गुरुवार को खोलकर तीनों नेहरों में सिंचाई के लिए पानी छोड दिया गया है। बामनवास उपखंड के करीब 27 गांव की 29हजार496 बीघा भूमि को सिंचाई करने के लिए गुरुवार को करीब 1:30 पर सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता अरुण कुमार शर्मा, सहायक अभियंता कमलेश मीणा, कनिष्ठ अभियंता मनोज मीणा व जल वितरण समिति के अध्यक्ष प्यारेलाल मीणा सहित किसानों ने मोरा सागर बांध पहुंचकर विधिवत पूजा अर्चना के बाद मोरी को खोला, जिससे तीनो नेहरों में पानी पहुंचेगा। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस समय बांध में करीब 18.6 फीट पानी है इसकी नेहरों के द्वारा 106 किलोमीटर क्षेत्र के 27 गांव की करीब 29हजार496 बीघा फसलों के लिए सिंचाई हो सकेगी। रबि सीजन की गेहूं, सरसों, चना व जो आदि फसलों के लिए यह उपयोगी रहेगी।

दो विधार्थियों को बहुराष्ट्रीय कम्पनी में मिली नियुक्ति

कोटपूतली। यहां के राजकीय एलबीएस पी. जी. महाविद्यालय के दो विधार्थियों को कैंपस प्लेसमेंट के तहत बहु राष्ट्रीय कम्पनी में नियुक्ति प्राप्त हुई है। प्राचार्य प्रो. आर.के. सिंह ने बताया कि 10 नवम्बर को कच्छ गुजरात की कम्पनी मैंगो बायोडिग्रेडेबल प्रा.लि. ने महाविद्यालय में आकर कैम्पस प्लेसमेंट हेतु 54 विधार्थियों का साक्षात्कार लिया था। जिसमें से चार विधार्थियों को शॉर्ट लिस्ट किया गया और अंतिम रूप से दो विधार्थियों राहुल गोयल व सौरभ पारीक का चयन किया गया। महाविद्यालय में कैंपस प्लेसमेंट एंड कैरियर काउंसलिंग सैल के संयोजक प्रो. शीशराम यादव ने चयनित विधार्थियों को बधाई देते हुये कहा कि महाविद्यालय में समय समय पर कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया जाता है। जिसमें बडी संख्या में महाविद्यालय की प्रतिभायें देश विदेश की विभिन्न कम्पनियों में चयनित होती हैं। प्राचार्य ने कैंपस प्लेसमेंट एंड कैरियर काउंसलिंग सैल, एनसीसी, एनएसएस व रोवर रेंजर्स के प्रभारियों व संकाय सदस्यों को कैम्पस प्लेसमेंट के सफल आयोजन हेतु धन्यवाद दिया।

जिला परिषद कोटपूतली-बहरोड़ के गठन की अधिसूचना जारी

कोटपूतली। राज्य सरकार द्वारा राजस्थान पंचायती राज अधिनियम 1994 (1994 का अधिनियम संख्या 13) की धारा-11 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये जिला परिषद कोटपूतली-बहरोड़ का गठन किया गया हैं। जिसको लेकर ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के शासन सचिव डॉ. जोगा राम द्वारा बुधवार को जिला परिषद कोटपूतली-बहरोड़ के गठन की अधिसूचना जारी की गई हैं। अधिसूचना के अनुसार नवगठित जिला परिषद कोटपूतली-बहरोड़ का क्षेत्राधिकार नगर निगम/नगर परिषद/नगर पालिका (नगरीय क्षेत्र) को छोड़कर समस्त क्षेत्र रहेगा तथा जिला परिषद जयपुर व अलवर के वर्तमान क्षेत्राधिकार से वह क्षेत्र पृथक रहेगा जो क्षेत्र नवगठित जिला परिषद कोटपूतली-बहरोड़ के क्षेत्राधिकार में सम्मिलित है। जिला परिषद जयपुर व अलवर वर्तमान स्वरूप में उस तारीख से ही विद्यमान नहीं रहेगी और कार्य करना बन्द कर देगी जब नवीन जिला परिषद कोटपूतली-बहरोड़ एवं पुनर्गठित जिला परिषद जयपुर व अलवर का कार्यकाल प्रारम्भ होगा। उल्लेखनीय है कि राज्य के राजस्व विभाग की अधिसूचना द्वारा पूर्व में जयपुर व अलवर जिलों का पुनर्गठन किया जाकर नवीन जिले कोटपूतली-बहरोड़ का गठन किया गया था।

जैन नसियां में चोरी का असफल प्रयास

फुलेरा। जोबनेर रोड स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन नसियां में बीती रात अज्ञात चोर द्वारा चोरी का असफल प्रयास किया गया। जानकारी के अनुसार बुधवार देर रात करीब 2 बजे चोर ने पहले लाइट और सीसीटीवी कैमरे को तोड़ दिया। इसके बाद उसने मंदिर के मुख्य दरवाजे पर लगे ताले को तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन सेंट्रल लॉक नहीं खोल पाने और संभवत: लोगों के जाग जाने के कारण वह मौके से भाग गया। गौरतलब है कि नसियां जी के दक्षिण दिशा में लगे दूसरे सीसीटीवी कैमरे में पूरी वारदात कैद हो गई है। जैन समाज के निलेश जैन, विमल काला, कैलाश बैनाडा और महेश रावंका ने बताया कि गुरुवार सुबह पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे भक्तों ने टूटफूट देखकर तुरंत समाज के पदाधिकारियों और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर फुलेरा थानाधिकारी राजेंद्र कुमार ने तुरंत पुलिस टीम को मौके पर भेजकर मौका-मुआयना कराया। इसके अलावा जयपुर से पहुंची एमओबी टीम के गौरीशंकर एवं गोविंद सिंह ने सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए।

प्रोफेसर विनिता यादव ने पीएचडी की उपाधि हासिल की

अलवर। कॉमर्स कॉलेज अलवर में एसोशिएट प्रोफेसर विनिता यादव ने राजऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की उपाधि अपने अथक प्रयास से प्राप्त की है। विनिता यादव ने विश्वविद्यालय के सीनियर प्रोफेसर डॉ. अरूण शर्मा के निर्देशन में कन्जयूमर प्रोटेक्शन ट्रेड्स ऑनलाइन मार्केटिंग एण्ड शोपिंग ऑफ गुड्स सर्विस विषय पर अपने शोध पत्र तैयार कर प्रस्तुत किया, जिस पर विनिता यादव को विश्वविद्यालय में एक साधारण समारोह में डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। विनिता यादव आर्थिक मामलों में गहन समझ रखती है। इन्होंने कॉमर्स के दो अलग-अलग विषयों में एम.ए. की डिग्री कर रखी है तथा वर्तमान में कॉमर्स कॉलेज अलवर में एसोशिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है।

नेपाल के प्रथम उपराष्ट्रपति के विशिष्ट सलाहकार बने डॉ कुलदीप प्रसाद शर्मा

शाहपुरा। नेपाल में नेपाल सरकार के प्रथम उपराष्ट्रपति न्यायमूर्ति परमानंद झा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच के मुख्य सलाहकार डॉ कुलदीप प्रसाद शर्मा एडवोकेट ईस्ट वेस्ट लॉ फर्म को अपना विशिष्ट सलाहकार का नियुक्ति पत्र दिया। साथ में भारत के प्रसिद्ध कानून विद डॉ हुकुमचंद गणेशिया है।जानकारी के अनुसार विशिष्ट सलाहकार नियुक्ति की सूचना भारत सरकार व नेपाल सरकार को प्रथम उपराष्ट्रपति कार्यालय द्वारा भिजवाई गई है।

48 साल से रामलीला का मंचन पर कला मंच के पास अपना मैदान नहीं

किशनगढ़ बास। विजयदशमी पर एक बार फिर कला मंच को 20 लाख रुपए की सौगात घोषणा के रूप में मिली है। इससे एक साल पहले आज के दिन ही विधायक दीपचंद खेरिया ने कला मंच को 5 लाख रुपए विधायक निधि से दिए जाने के लिए घोषणा की थी ओर इससे पहले यहां से दो बार विधायक रह चुके पूर्व विधायक रामहेत यादव घोषणा कर चुके हैं परन्तु अभी तक कला मंच को घोषणा की राशि नहीं मिल पाई है। लेकिन इस बार केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव की उपस्थिति में की गई घोषणा को लेकर कला मंच के लोग पूरी तरह उम्मीद लगाए हैं कि घोषणा जल्दी पूरी होगी।

इस बार विजयदशमी पर पूर्व विधायक रामहेत यादव ने सांसद व केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव की उपस्थिति में नगर पालिका कोष से दिलाने के लिए की है। पर इस बीच कलां मंच के लोग कह रहे की 20 लाख का करें क्या रामलीला का मंचन करने के लिए मैदान तो है भी नहीं। कला मंच के सदस्यों को इस राशि का आवंटन होने की उम्मीद इस लिए भी है कि पूर्व विधायक यादव की घोषणा पर सांसद केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने भी अपनी सहमति दी है।

अब बडा सवाल यह है कि कला मंच इस मिलने वाली राशि से निर्माण कहा और क्या कराऐगा यह सवाल कलां मंच के लोग खुद ही कर रहे हैं।चूंकि कलां मंच के पास तो अपना एक जर्जर भवन है जिसमें वह कलाकारों के वेश भूषा और सामान रखते हैं। शहर में रामलीला मंचन को शुरू हुए दो साल बाद 2027 में 50 साल पूरे होने पर कला मंच सिल्वर जुबली मनाने जा रहा है पर विडंबना की बात कलां मंच के लिए यह है कि

- कला मंच के लोगों की परेशानी विजयदशमी पर रावण दहन के दौरान खुश करने के लिए घोषणा तो की जाती है पर पूरी अभी तक किसी ने नहीं की है

अभी तक उनके पास रामलीला करने के लिए खुद का अपना मैदान भी नहीं है जहां वह अधिकार के साथ रामलीला कर सकें।

शहर में रामलीला की शुरुआत 1977 में उपखंड कार्यालय के सामने सरकारी स्कूल में आदर्श कला मंडल ने की। रामलीला में उस दौरान राम का अभिनय देवेन्द्र तिवाडी ने 1977 में किया और 2001 तक किया। अब कला मंच के संरक्षक हैं। रावण का दहन प्रारम्भ से ही सरकारी स्कूल के खेल मैदान पर विजयदशमी के दिन रावण दहन किया जा रहा है। यह स्कूल मैदान शहर में दशहरा मैदान के नाम से भी पहचान बनाए हुए है।

संस्था के अध्यक्ष रहे नुरेश वशिष्ठ ने बताते हैं कि 2001 से 2008 के बीच करीब 4 साल रामलीला का मंचन शहर में नहीं हुआ बाद में 2008 में हनुमान प्रसाद यादव की ओर से आर्थिक सहयोग किये जाने पर कला मंच के नाम से संस्था का गठन कर शहर में रामलीला का मंचन फिर से शुरू किया गया। इस दौरान सरकारी स्कूल प्रशासन की ओर से जगह देने से इंकार कर दिया गया तो रामलीला का मंचन प्राइवेट किशनगढ़ पीजी कॉलेज के मैदान में किया गया।

पुलिस अधिकारियों की अपराध गोष्ठी का आयोजन

कोटपूतली। जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई द्वारा गुरूवार को जिले के पुलिस अधिकारियों की अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान एसपी ने पुलिस अधिकारियों को जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति बनाये रखने, जिले में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण रखने, सर्द ऋतु में सम्पति संबंधी अपराधों की घटनायें बढ़ने की

जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई ने जिले के पुलिस अधिकारियों की अपराध गोष्ठी को संबोधित किया।

- एसपी ने जनता के साथ मधुर व्यवहार कर नियमित परिवादियों को सुनकर उनकी समस्याओं का उचित निराकरण किये जाने के निर्देश दिये

सम्भावना को देखते हुये क्षेत्र में प्रभावी गश्त एवं नकाबंदी करने, संपति संबंधी अपराधों में वारदात का खुलासा कर बरामदगी करने, हिरासत में मृत्यु की घटनाओं के संबंध में थानों में सीसीटीवी कैमरों का रिकॉर्ड व फुटेज रखने, डयूटी के दौरान कर्मचारियों की मृत्यु के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने, अवैध बांग्लादेशियों का सत्यापन कर निकासी की कार्यवाही करने, लेन सिस्टम को प्रभावी रूप से बनाये रखने के लिये कार्यवाही करने, जमीन संबंधी विवादों में आवश्यक इंसदादी कार्यवाही की जाने, पेंडिंग प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण कर पेंडेंसी नियंत्रित करने, अवैध शराब तस्कर, ड्रग्स माफियाओं, हथियार माफियाओं के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने, नवीन आपराधिक कानूनों के संबंध में प्रभावी कार्यवाही करने, लोकल एवं स्पेशल एक्ट में अधिकाधिक कार्यवाही करने, स्थाई वारन्टी, पी.ओ., भगोड़ों को गिरफ्तार करने, हार्डकोर अपराधियों पर निगरानी रखने, जनता के साथ मधुर व्यवहार कर नियमित परिवादियों को सुनकर उनकी समस्याओं का उचित निराकरण किये जाने के निर्देश दिये।

बैठक में एएसपी कोटपूतली नाजिम अली व वैभव शर्मा, एएसपी नीमराणा शालिनी राज, डीएसपी कोटपूतली राजेन्द्र बुरडक, डीएसपी बहरोड़ सचिन शर्मा, बानसूर डीएसपी मेघा गोयल समेत जिले के समस्त थानाधिकारी, चौकी प्रभारी, रीडर, प्रभारी डीएसटी, डीएसबी, एजीटीएफ, एमओबी, साईबर, डीटीसी, एसटीटी आदि मौजूद रहें।

अस्पताल के नवीन भवन के लिए 2 साल से नि:शुल्क भूमि का इंतजार

सांभरझील। राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को उप जिला अस्पताल का दर्जा मिले करीब दो साल से अधिक का अरसा बीत चुका है लेकिन यहां के सत्ता और विपक्ष के नेताओं की नींद नहीं टूटने के कारण उप जिला अस्पताल को नवीन भवन निर्माण हेतु निशुल्क भूमि आवंटन का मामला अटका हुआ पड़ा है। पूर्ववर्ती सरकार के मुखिया अशोक गहलोत की ओर से क्षेत्र की प्रबल मांग को ध्यान में रखते हुए यह सौगात दी गई थी। बताया जा रहा है कि जिला कलेक्टर जयपुर की तरफ से अस्पताल प्रशासन को भी इसके लिए भूमि आवंटन हेतु स्थानीय प्रशासन से पत्राचार कर विधिवत प्रक्रिया अपनाने के लिए निर्देश भी दिए गए है।

जानकारी में आया कि अस्पताल प्रशासन की ओर से उपखंड अधिकारी को भी दो दफा भूमि आवंटन जो करीब 12 बीघा भूमि की जरूरत है के लिए लिखा गया जिसके लिए एसडीम ने इस हेतु तहसीलदार को पत्र भेजा और तहसीलदार ने पटवारी को पत्र लिखकर 12 बीघा भूमि का पता लगाने के लिए निर्देश दिए। बताया जा रहा है कि पटवारी ने तलाश करके दिया की विभाग के अधीन पृथक से 12 बीघा भूमि नहीं है। अब अस्पताल प्रशासन ने इसके लिए दो दफा नगर पालिका के अधिशासी

- 11.15 बीघा भूमि मिले तो बने सांभर उप जिला अस्पताल

अधिकारी को भी पत्र लिखा लेकिन उनकी तरफ से एक साल बीत जाने के बाद भी भूमि उपलब्धता की सुनिश्चितता नहीं की जा रही है। जब तक नवीन भवन निर्माण का रास्ता क्लियर नहीं होगा तब तक अस्पताल प्रशासन को 12 बीघा भूमि आवंटन नहीं होगी। भूमि आवंटन के पश्चात ही सरकार बजट निर्धारित करेगी। समय रहते अगर ऐसा नहीं हुआ तो इतनी बड़ी सौगात विधायक और पूर्व विधायक व लोकल नेताओं की अनदेखी, के कारण हाथ से फिसल जाएगी । इस हेतु प्रदेश की सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए कृत संकल्प है, केंद्र भी चाहता है कि लोगों को बेहतर चिकित्सा मुहैया उपलब्ध हो लेकिन लोकल लीडरशिप का बोझ उठाएं यहां के नेताओं की प्रभावशाली कार्य प्रणाली के अभाव में अनेक सुविधाओं से यहां का अस्पताल मोहताज बना हुआ है। भूमि आवंटन कराना दूर सरकार जो सोनोग्राफी की मशीन उपलब्ध करवाना चाहती है उसके लिए भी कोई प्रयास राजनीति स्तर पर होते दिखाई नहीं दे रहे हैं।

'बीएलओ चुनाव प्रक्रिया की रीढ, उनकी प्रतिबद्धता से होगा एसआईआर पूरा'

भरतपुर। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने गुरूवार को वीसी के माध्यम से मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की जिलेवार प्रगति की समीक्षा कर श्रेष्ठ कार्य करने वाले एआरओ एवं शत-प्रतिशत कार्य पूरा करने वाले बीएलओ से संवाद किया। वर्चुअल समारोह में जिला निर्वाचन

जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

- निर्वाचन आयोग ने शत-प्रतिशत कार्य पूरा करने वाले बीएलओ किये सम्मानित

अधिकारी कमर चौधरी ने बीएलओ को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जिले के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी वैर एवं बयाना द्वारा राज्य स्तरीय लक्ष्य से अधिक कार्य गुणवत्ता के साथ अद्यतन करने पर सराहना की तथा सभी अधिकारियों को टीमभावना से कार्य करने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के लिए जिला स्तर पर बनाये गई कार्ययोजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टीमभावना के साथ सभी अधिकारी व कार्मिक निर्वाचन आयोग दिशा-निर्देशानुसार कार्य कर एसआइआर के उत्तरदायित्व पूरे कर रहे हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभा क्षेत्र वैर के भाग संख्या 48 में तैनात बीएलओ केसर देव गुप्ता को मतदाताओं के गणना प्रपत्र का शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन करने, कार्य के प्रति उनकी सतर्कता, मेहनत, लगन एवं कर्तव्यनिष्ठा के लिए सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त अन्य निर्वाचन क्षेत्रों के बीएलओ भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किए गए।

इनमें विधानसभा क्षेत्र भरतपुर के भाग संख्या 59 के बीएलओ चन्दन सिंह, विधानसभा क्षेत्र वैर के भाग संख्या 50 के बीएलओ प्रदीप कुमार धाकड़, विधानसभा क्षेत्र नदबई के भाग संख्या 200 के बीएलओ मूलचंद शर्मा तथा विधानसभा क्षेत्र बयाना के भाग संख्या 40 के बीएलओ रोहिताश कुमार शामिल हैं। इन सभी बीएलओ ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान मतदाताओं के गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन कार्य को समयबद्ध, पारदर्शी एवं जिम्मेदारीपूर्वक पूरा किया। सभी बीएलओ ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के संबंध में अनुभवों को साझा करते हुये सुझाव दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि वैर से बीएलओ केसर देव गुप्ता एवं बयाना से बीएलओ रोहिताश कुमार को राज्य स्तर पर भी चुनाव आयोग द्वारा सम्मानित किया जाना है, जो जिले के लिए गौरव की बात है।

मुनेश गठाला का सब इंस्पेक्टर बनने पर स्वागत

पावटा। ग्राम पंचायत बडनगर के अवधपुरी निवासी मनीष गठाला पुत्र शीशराम गठाला का बीएसएफ में सब इंस्पेक्टर बनने पर स्वागत सत्कार किया गया । ज्ञात रहे की मनीष गठाला एक साधारण गरीब एवं किसान परिवार का बेटा होकर प्रतिस्पर्धा के इस युग में संघर्ष करके इस मुकाम तक पहुंचा है । संघर्ष की गाथा को अखाड़ा परिषद पावटा में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों द्वारा स्वागत सत्कार कर मनीष का अभिनंदन किया गया । कृषि मंडी पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेश गठाला के नेतृत्व में माला एवं साफा पहनाकर मनीष को सम्मानित किया । पानी पेड़ प्रकृति बचाओ अभियान संयोजक, नंगे पैर यात्री एवं जल प्रहरी दीप सिंह शेखावत ने कहा कि मनीष गठाला ने गरीब परिवार में जन्म लेकर बडनगर ग्राम पंचायत का नाम रोशन करते हुए देश सेवा में जाने का उदाहरण पेश किया है । सुरेश गठाला एवं पूर्व प्रधानाचार्य शंभू दयाल गढ़वाल ने कहा कि सत्ताईसा क्षेत्र से हर वर्ष प्रतिभाओं का क्षेत्रों में जाकर नाम रोशन करना इलाके की पहचान बन चुकी है।